Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to confer Bharat Ratna Award on Lokshahir Annabhau Sathe, a great writer of Maharashtra-laid.

श्री रामदास तडस (वर्धा): माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री जी का ध्यान अंत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर आकृष्ट करते हुए मुझे कहना है कि लोकशाहीर, कहानीकार, उपन्यासकार के रुप मे परिचित लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे जी ने संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन मे समाज को एकत्र करने का कार्य स्वयंरचित शाहीर एवं प्रतिभा से किया है । लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे ने अपने साहित्य के माध्यम से पिछड़े वर्ग, मजदूर वर्ग और महिलाओं की पीड़ा को उजागर करने का काम किया है । महाराष्ट्र के परिवर्तन मे उनके साहित्य का प्रभाव बड़े पैमाने मे है, मराठी साहित्य की ऊंचाई बढ़ी है । भारत के बाहर 27 देशो मे एवं 27 राष्ट्रीय भाषा मे उनके साहित्य प्रकाशित हुए है । ऐसे महान साहित्यकार लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे जी को भारतरत्न पुरस्कार से सम्मानित करने की माँग महाराष्ट्र के सभी वर्ग के लोगो द्वारा की गई है ।

अतः माननीय आग्रह है कि से गृहमंत्री जी महान साहित्यकार लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे जी को भारतरत्न पुरस्कार से सम्मानित करने हेतु निर्णय लेने की कृपा करे ।